न्यायालय उप जिलाधिकारी, आंवला, जिला बरेली ।

वाद सं0 T201412130279135 /2013–14 धारा 143 जैड0 ए0 एल0आर0एक्ट

ग्राम इस्माईल पुर परगना सन्हा तहसील आंवला(बरेली).

असगर अली जाफरी बनाम सरकार

नकल निर्णय दिनांक 29-12-14

असगर अली जाफरी पुत्र मेंद अली निवासी ग्राम चन्दपुर जोगियान तहसील मीरगंज जिला बरेली प्रबन्धक न्यू खुसरो डिग्री कालिज इस्माईल पुर ने एक प्रार्थना पत्र धारा 143 उ0प्र0 ज0वि0 एवं भूमि व्यव0 अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्तुत कर यह कहा है कि प्रार्थी गाटा सं0 164मि0 रक्बा 0.447है0 व 164मि0 रक्बा 0.623है0 स्थित ग्राम इस्माईल पुर परगना सन्हा तहसील आंवला के संक्रमणीय भूमिधर है। उक्त भूमि न्यू खुसरो डिग्री कालिज इस्माईल पुर के नाम अंकित है जिसमें डिग्री कालेज हेतु निर्माण हो रहा है। जिस पर कृषि कार्य नहीं हो हो रहा है जिसको धारा 143 ज0वि0 एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम के अन्तर्गत अकृषिक घोषित किये जाने की याचना की गयी है।

उक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में तहसीलदार आंवला से आख्या प्राप्त की गयी, तहसीलदार आंवला ने अपने आख्या दि0 26..12.2014 में यह अवगत कराया गया है कि गाटा सं0 164मि0 रक्बा 0.447है0 व 164मि0 रक्बा 0.623है0 में आबादी है। कृषि कार्य नहीं हो रहा है। अकृषिक घोषित किये जाने की संस्तुति की गयी है।

मेरे द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। तहसीलदार आंवला की आख्या के अनुसार प्रश्नगत भूमि वर्तमान में आवादी के उपयोग मे आ रही है तथा इस भूमि पर कृषि कार्य, मत्स्य पालन, कुकुट पालन आदि का कार्य नही हो रहा है। अतएव प्रश्नगत गाटा सं0 164मि0 रक्बा 0.447है0 व 164मि0 रक्बा 0.623है0 को अकृषिक घोषित किया जाना न्यायोचित है।

आदेश

अतः तहसीलदार आंवला की आख्या एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ग्राम इस्माईल पुर परगना सन्हा तहसील आंवला के गाटा सं0 164मि0 रक्बा 0.447है0 व 164मि0 रक्बा 0.623है0 भूमि को अकृषिक घोषित किया जाता है। यदि भविष्य में उक्त भूमि के सम्बन्ध में कोई विपरीत तथ्य संज्ञान में आता है तो यह आदेश स्वतः ही निष्प्रभावी हो जायेगा। आदेश की एक प्रति उप निबन्धक आंवला को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाये तथा दो प्रतियां तहसीलदार आंवला को अमलदरामद हेतु भेजी जाये। वाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली दाखिल दफतर की जाये।

दिनांक :– 29.12..2014

(पुष्पा देवरार)
उप जिलाधिकारी
आंवला।

प्रार्थी का नाम यूसुफ अली एड0
प्रार्थना पत्र देने की तिथि 12-1-15
नकल तैयार होने की तिथि 12-1-15
प्रतिलिपि बोर्ड पर अंकित करने की तिथि 12-1-15
तैयार नकल को देने की तिथि 12-1-15
नकल करने वाले के हस्ताक्षर
नकल मिलान कर्ता के हस्ताक्षर
क्रम संख्या 75
...13/-

Photocopy
ATTESTED
S.D.M. AONLA
BAREILLY
12-1-15

126/189

Scanned by CamScanner